20

मिलकर पढ़िए

# छुपन-छुपाई




एक दिन सब छुपन-छुपाई खेल रहे थे। उस दिन जीत की बारी थी। जीत सौ तक गिनकर सबको ढूँढ़ने निकला।



© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

मोहित दरवाज़े के पीछे मिल गया।



जीत सबको कमरे में ढूँढ़ने लगा। बबली अलमारी के पीछे मिल गई।



© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

मारिया पलंग के नीचे मिल गई। उसके बाद जीत आँगन की तरफ़ गया।



सिमरन दादी के पीछे मिल गई। जीत नाज़िया को आँगन में ढूँढ़ने लगा।





Reprint 2026-27

जीत ने नाज़िया को चादर के पीछे ढूँढ़ा।



फिर जीत नाज़िया को ढूँढ़ने के लिए बाहर आया। वह पेड़ के नीचे खड़ा होकर सोचने लगा।



नाज़िया ने ऊपर से कूदकर उसे धप्पा दिया।




जीत दुबारा गिनती गिनने चल दिया।

*— साभार, बरखा क्रमिक पुस्तकमाला, एन.सी.ई.आर.टी.*

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

## बातचीत के लिए

1. आप अपने घर में कहाँ-कहाँ छिप सकते हैं?
2. अगर खेलते हुए आपको चोट लग जाए तो आप क्या करेंगे?
3. अगर आप खेल में हार जाते हैं तो क्या करते हैं?

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखिए –**

1. जीत ने कितने बच्चों को ढूँढ़ लिया?
2. कौन-कौन कहाँ मिल गया?
3. छुपन-छुपाई में धप्पा कब बोलते हैं?

## छुपन-छुपाई



1. कौन किसके पीछे छिप सकता है और कैसे?
2. कौन किसी के भी पीछे नहीं छिप सकता और क्यों?

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

## मेरी कहानी

**आपने 'छुपन-छुपाई' कहानी पढ़ी। अब आप अपनी कहानी लिखने का प्रयास कीजिए –**

आप इस तरह से शुरुआत कर सकते हैं।

मैं अपने मित्रों के साथ .................................................................. खेलता हूँ /

खेलती हूँ। ..........................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

© NCERT not to be republished

**शिक्षण-संकेत –** बच्चों के साथ तरह-तरह के खेलों और उनकी पसंद के खेलों के बारे में बातचीत कीजिए। उनके अनुभव के आधार पर उन्हें इस कहानी को लिखने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। उन्हें अपनी कहानी पढ़कर सुनाने का अवसर अवश्य दीजिए।





Reprint 2026-27

## शब्दों का खेल

### शब्द अंत्याक्षरी










## सोचिए और लिखिए

**नीचे दिए गए खिलाड़ियों को पहचानकर उनके नाम लिखिए –**







.................................... .................................... ....................................

शिक्षण-संकेत – शब्द अंत्याक्षरी में बच्चे संज्ञा, विशेषण, क्रियापद भी बता सकते हैं। ये शब्द उनकी मातृभाषा से भी हो सकते हैं। खिलाड़ियों की पहचान करने में बच्चों की सहायता करें।

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27